अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को जल्द रियायत पैकेज

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें सरकार की ओर से केस-टू-केस कस्टमाइज पैकेज जल्द दिलाया जाएगा। अब नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ऐसी परियोजनाओं की परीक्षण करेगी और विशेष पैकेज की संस्तुति करेगी। इसके बाद उच्चाधिकार प्राप्त समिति और मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

अनुशंसा पर मंत्रिपरिषद लगाएगी अंतिम मुहर

औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन की तैयारी है। इसे कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी। इसके तहत अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन दिया जाएगा। सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी प्राप्त प्रस्तावों का विशेष महत्व, अल्ट्रा मेगा श्रेणी के विषय पर परीक्षण करेगी।